## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–11.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भाम चतरा के सिमरिया में करेंगे चुनावी रैली, झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन पलामू में करेंगी चुनाव प्रचार।।**
2. **आज शाम थम जायेगा लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए चुनाव प्रचार, झारखंड की खूंटी, सिंहभूम, लोहरदगा और पलामू समेत देश की 96 सीटों पर 13 मई को होगा मतदान।**
3. **लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण की नामांकन प्रक्रि या जारी, राज्य के दुमका, गोड्डा और राजमहल संसदीय सीट के लिए अब तक 18 प्रत्याशियों ने भरे हैं पर्चे।।**
4. **इडी की गिरफ्त में आये राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव कुमार लाल निलंबित, कार्मिक विभाग ने जारी की अधिसूचना।।**

**और**

5. **तापमान में गिरावट से राजधानी रांची समेत राज्यभर में गर्मी से राहत, आज कोल्हान और संताल परगना में बारिश का अनुमान, 15 मई तक बनी रहेगी मौसम में नमी।**

****************

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज झारखंड के दौरे पर आयेंगे। वे चतरा संसदीय क्षेत्र के सिमरिया स्थित मूरवे मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की रैली को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। सुरक्षा की कमान एसपीजी ने अपने हाथों में ले लिया है। रैली में चतरा से एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह और हजारीबाग से एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल के अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी भी मौजूद रहेंगे। सिमरिया में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम चार बजकर पचास मिनट पर प्रस्तावित है।

****************

इधर, असम के मुख्यमंत्री डा. हेमंता विश्वशर्मा भी आज झारखंड के दौरे पर हैं। वे आज खूंटी संसदीय सीट के तमाड़ स्थित रायडीह में भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के समर्थन में एक जनसभा करेंगे। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवीन्द्र राय समेत कई अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

****************

लोकसभा चुनाव को लेकर इंडी गठबंधन के नेताओं ने भी प्रचार पर अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। आज झामुमो की स्टार प्रचारक और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पलामू में जनसभा करेंगी और राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील करेंगी। उनकी सभा चैनपुर के ओढ़नार में होगी। इधर, झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कल जमशेदपुर में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

****************

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए आज शाम पांच बजे प्रचार का शोर थम जायेगा। इस चरण में झारखंड समेत नौ राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश की 96 सीटों पर 13 मई को वोट डाले जायेंगे। चौथे चरण में झारखंड की जिन चार सीटों पर मतदान होना है उनमें खूंटी, सिंहभूम, लोहरदगा और पलामू शामिल हैं।

***************

लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस चरण में झारखंड की तीन सीटों दुमका, गोड्डा और राजमहल के लिए एक जून को मतदान होगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि कल तक इन तीनों सीटों से 18 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। इनमें गोड्डा सीट से 10, दुमका से तीन और राजमहल से पांच प्रत्याशी शामिल हैं।

***************

जामताड़ा जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कई स्तरों पर उपाय किए जा रहे हैं। इसके लिए मतदाता जागरूकता रैली, कैंडल मार्च, शपथ ग्रहण, डोर टू डोर विजिट का सहारा लिया जा रहा है। इसमें जिला प्रशासन के साथ साथ सामाजिक संगठन और प्रबुद्धजन भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।

***************

पलामू संसदीय सीट के लिए 13 मई को होनेवाले मतदान को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इस सिलसिले में पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशिरंजन ने आज जीएलए कॉलेज स्थित डिस्पैच सेन्टर का निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

***************

दुमका संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जामताड़ा जिले में लोकसभा चुनाव की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही है।विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता—

***************

राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव कुमार को सरकार ने निलंबित कर दिया है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। दरअसल, छह मई को ईडी की टीम ने मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम समेत उनके करीबियों के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान 35 करोड़ से ज्यादा रुपये जब्त किये गये थे। इसके बाद सात मई को ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था।

***************

औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में टाटा स्टील समर कैंप 2024 की शुरुआत हो गयी है। इसका उद्घाटन कल शाम टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने किया। आज से 31 मई के बीच आयोजित होने वाले समर कैंप में 22 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी, जिनमें छात्र, युवा और उनके माता—पिता भाग लेंगे।

***************

आईपीएल क्रिकेट में आज कोलकाता नाइट राइर्डस का मुकाबला मुम्बई इंडियंस से होगा। शाम साढ़े सात बजे यह मैच खेला जाएगा। इससे पहले कल खेले गए मैच में गुजरात टाइटंस ने

चेन्नई सुपर किंग्स को 35 रनों से पराजित किया। इस हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अगले दोनो मैच जीतने होंगे।

****************

राजधानी रांची समेत राज्य भर में पिछले तीन दिनों में हुई बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। इस कारण लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने कोल्हान और संताल परगना के कई स्थानों पर आज भी हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने कहा है कि 15 मई तक मौसम में नमी बनी रहेगी और अलग–अलग स्थानों पर बारिश भी होती रहेगी।

****************

**और अब अखबारों की सुर्खियां** – राज्य के अधिकांश अखबारों ने झारखंड में चुनावी रैलियों की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर और दैनिक जागरण** ने गृह मंत्री अमित शाह की खूंटी में हुई चुनावी सभा की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

हिन्दुस्तान ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को **सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिलने से संबधित** खबर को प्रमुखता दी है।

**दैनिक भास्कर** ने लू और गर्मी से राहत के बाद 13 मई से स्कूलों को खोलने के सरकारी आदेश की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**रांची एक्सप्रेस** ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आज चतरा के सिमरिया में होनेवाली जनसभा की खबर को अपने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**राश्ट्रीय नवीन मेल** ने दुमका, गोड्डा और राजमहल संसदीय सीट से दिग्गजों के नामांकन की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

वहीं अंग्रेजी अखबार **द टाइम्स ऑफ इंडिया** और **हिंदुस्तान टाइम्स** ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शीर्ष अदालत से अंतरिम जमानत मिलने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

*****समाप्त***********